राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

## राज्यपाल ने राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव रखते भारतीय संस्कृति और गौरव के लिए कार्य करने का किया आह्वान

# राज्यपाल से विदेश सेवा के अधिकारियों ने की मुलाकात

जयपुर, 19 दिसंबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 1998 और 1999 के तीन अधिकारियों ने मंगलवार को राज भवन में मुलाकात की। राज्यपाल से इन अधिकारियों की यह शिष्टाचार भेंट थी।

राज्यपाल ने विदेश सेवा के अधिकारियों से संवाद करते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव रखते हुए भारतीय संस्कृति और गौरव के प्रसार के लिए कार्य करने का आह्वान किया। हरिशचंद्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान के अतिरिक्त महानिदेशक श्री महेंद्र सोनी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

———

